

### एक नजर में

#### घर से बिना बताए युवक लापता

**श्योपुर, 16 मई।** सेसईपुरा थाना क्षेत्र के मेरावन गांव से एक व्यक्ति घर से बिना बताए लापता हो गया, जिसकी काफी तलाश करने के बाद भी कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोरावन निवासी 37 वर्षीय सोवरन जाटव 10 मई की दोपहर 1 बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया, जो लौटकर वापस नहीं आया। जब काफी देर तक युवक घर नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पत्नी सुनीता जाटव ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई।

#### रंजिशन की मारपीट, मामला दर्ज

**श्योपुर।** बड़ौदा थाना क्षेत्र के पांडोला गांव में पुराने विवाद के चलते झगडा हो गया, जिसमें दो लोगों ने मिलकर फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पांडोला निवासी विष्णु सुमन व खानपुरिया निवासली रवि सुमन के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते 14 मई की रात 9 बजे दोनों के बीच झगडा हो गया। इस झगडे में रवि सुमन व उसके साथियों ने मिलकर फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने विष्णु पुत्र कैलाशचंद्र सुमन निवासी पांडोला की शिकायत पर रवि सुमन, जगदीश सुमन गलमानिया के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### चिंतन शिविर 18 को

**ग्वालियर.** अपना दल (एस) का चिंतन शिविर आगामी 18 मई को भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पहली बार प्रदेश प्रभारी के रूप में राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल मध्यप्रदेश का दौरा करेंगे। यह चिंतन शिविर संगठन के आगामी रोडमैप, चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल, प्रदेश और जिला स्तर के सभी प्रमुख पदाधिकारी इस चिंतन शिविर में शामिल होंगे। चिंतन शिविर को लेकर राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में संगठन को मज़बूती देना हमारी पहली प्राथमिकता है। हम यहां सिर्फ राजनीतिक उपस्थिति के लिए नहीं, बल्कि ज़मीन पर बदलाव लाने आए हैं। यह चिंतन शिविर सिर्फ रणनीति तय करने का मंच नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का अवसर भी है। डॉ. अखिलेश पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा कि मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) की राजनीतिक यात्रा का यह चौथा चरण है। चिंतन शिविर का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करना और भावी रणनीति पर विचार करना है।

#### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**श्योपुर।** सड़क हाइसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग डायरी आने के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैसाई रोड निवासी 35 वर्षीय मनीष पुत्र मांगीलाल प्रजापति 8 अप्रैल की रात 8 बजे सडक हाइसे में घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए वेंदात हास्पीटल ग्वालिय में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग डायरी आने के बाद के मर्ग कायम कर लिया है।

#### आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**श्योपुर।** हमारे देश के वीर सैनिकों के सम्मान में 17 मई को शनिवार, को शाम 4:00 बजे श्रीराम धर्मशाला, जय स्तंभ से निकलने वाली विशाल तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर हमारे देश के वीर सैनिकों को सम्मान अर्पित करें। आइए, हम सब मिलकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाएं।



#### सिविल डिफेंस अंतर्गत वॉलेटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में होमगार्ड परिसर श्योपुर में सिविल डिफेंस अंतर्गत चयनित वॉलेटियर्स का प्रशिक्षण जारी है। इसी क्रम में आज विजयपुर क्षेत्र के 43 वॉलेटियर्स को होमगार्ड के अधिकारियों द्वारा नागरिक सुरक्षा के तहत हवाई हमला होने की स्थिति में किये जाने वाले सुरक्षात्मक उपायो तथा नागरिकों को हमले के दौरान बचाव सहित अग्नि, आपदा, बाढ के दौरान की स्थिति से निपटने तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डिस्ट्रीक्ट कमाडेंट होमगार्ड सुमन बिसोरिया, प्लाटून कमांडर प्रमोद डंडोतिया, राहुल शर्मा एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा बचाव एवं राहत कार्यो पर तथा डॉ. दिनेश गोयल द्वारा आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार तथा सीपीआर देने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।




#### शिविर में 92 बच्चों की स्क्रीनिंग, 11 चिह्नित

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार जन्मजात बच्चों की विकृतियों के निशुल्क उपचार के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र सेसईपुरा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें आरबीएसके चिकित्सको द्वारा 92 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई तथा 11 बच्चें उपचार लिए चिन्हित किये गये। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सीपी शर्मा, डॉ. शबीना खान, डॉ. गिर्राज जांगिड, आरबीएसके सलाहकार स्नेहलता गुर्जर, आशा सुपरवाईजर मिनी जाटव, सीएचओ रामबिहारी सहित आंगनबाडी आशा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया कि आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम सेंसईपुरा केंप में आरबीएसके चिकित्सीय टीम ने 92 बच्चों का पंजीयन कर स्क्रीनिंग व जांच की गई जांच दौरान 11 चिन्हित किए गए जिसमें कटे फटे होठ, ओटाईटिस, न्यूरो मोटर डिले आदि के बच्चें शामिल है। आरबीएसके प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि परीक्षण के दौरान चिन्हित बच्चों का उपचार जिला चिकित्सालय सहित आवश्यकतानुसार बाहर के सुपर स्पेशलिटी अस्पतालो में निशुल्क रूप से कराया जायेगा। इसी क्रम में 19 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र पहेला, 20 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र गोरस एवं 21 मई को आंगनबाडी केन्द्र आवदा पर भी शिविर आयोजित होंगे।

# खबर छपते ही रेत माफियाओं ने बदला ठिकाना

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** श्योपुर-वीरपुर थाना इलाके में चंबल नदी से रेत का अवैध उत्तखनन और परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है, दो दिन पहले तक वीरपुर पुलिस थाने के ठीक सामने होकर रेत माफिया के अवैध रेत से भरे डंपर फर्राटा भरते थे लेकिन, नवभारत समाचार पत्र द्वारा इस मामले की खबर प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद संबंधित थाने के पुलिस बालों के कहने से रेत माफियाओं ने रेत के अवैध स्टॉक का ठिकाना बदल दिया है।

**अब थाने के सामने की बजाए दूसरे रास्तें से निकल रहे ट्रैक्टर-ट्राली**

हैरान कर देने बाली बात यह है कि, जहां के ग्रामीण रेत के अवैध परिवहन की शिकायत वीरपुर पुलिस से करते रहे हैं रेत माफियाओं ने वहीं पर रेत का स्टॉक करके अपना नया ठिकाना बना लिया है, इसे लेकर ग्रामीण कभी भी उग्र आंदोलन कर सकते हैं।

यहां बता दें कि, वीरपुर तहसील क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं के द्वारा 2 दिन पहले तक वीरपुर के हारकुंई गांव और टेंटरा के कैमारा गांव के पास पठानपुरा के नाले के पास रेत का बड़ा स्टॉक कर रखा था, रेत माफिया रोजाना वहीं से 4 डंपरों के माध्यम से रात भर श्यामपुर के रेल्वे प्लांट में चंबल नदी के अवैध रेत की सप्लाई देते थे, इसकी खबर बीते मंगलवार को नव भारत के द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित की गई और पुलिस थाने के आगे से रेत के अवैध कारोबार को उजागर किया गया तो पुलिस महकमे में हडकंप मच गया, पहले तो पुलिस बाले दुहाई देने लगे कि, अकेले वीरपुर थाना इलाके में ही रेत का अवैध उत्खनन थोड़ी हो रहा है दूसरे थाना इलाके में जो रेत का अवैध कारोबार चल रहा है। लेकिन,दुहाई देने से काम नहीं चला तो रेत माफियाओं को थाने के आगे से रेत का कारोबार बंद करके आस पड़ौस के गांवों से यह काम करने के लिए कह दिया गया, रेत माफियाओं ने भी देरी किए बगैर वीरपुर से सटे हुए नितनवांस रोड़ और नदीगांव रोड़ के आसपास रेत का अवैध स्टॉक करवाकर फिर से रेत का अवैध कारोबार शुरु करा दिया है।





**ग्रामीण कर चुके हैं रेत का अवैध परिवहन बंद कराने की शिकायत :** वीरपुर थाना इलाके के नितनवांस गांव के ग्रामीण रेत के अवैध परिवहन की लगातार शिकायतें करते रहे हैं, इसकी वजह पूर्व में रेत के ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुए हादसा है, जिसकी वजह से मल्लाह समाज के युवक सहित 2 लोगों की मौत हो गई थी, तब मल्लाह (केवट) समाज के लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया था, तब से रेत का अवैध कारोबार बंद रहा लेकिन, अब बीरपुर थाने में नए साहब की पदस्थी होने के बाद पेट माफिया बताए जाने बाले रेत माफियाओं ने एक बार फिर से रेत का अवैध कारोबार खुलकर करना शुरु कर दिया है।

पुलिस के इशारे पर रेत माफियाओं ने ठिकाना तो बदल दिया है लेकिन, उत्खनन और परिवहन वीरपुर थाना इलाके में ही हो रहा है। इससे जलीय जीवों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है और इसके साथ ही आमजन को हादसों का सामना करना पड़ रहा है।

**रेत माफियाओं ने यहां बनाए नए ठिकाने :** रेत माफियाओं के द्वारा वीरपुर पुलिस थाने के आगे से रेत के ओवरलोड़ डंपरों को न निकालने के निर्देश प्राप्त होने के बाद अब वीरपुर से महज 6-7 किलोमीटर दूर नितनवांस गांव और 16-17 किलोमीटर दूर नदीगांव रोड़ के आसपास चंबल नदी के अवैध रेत का स्टॉक करके अपने नए ठिकाने बना लिया हैं, वहीं से रात भर माफिया के 4 डंपर रात भर श्यामपुर के रेलवे प्लांट में सप्लाई दे रहे हैं, इसके लिए डंपर रात भर स्टॉक से रेत लोड़ करवाकर श्यामपुर प्लांट पहुंचाए जा रहे हैं।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस बारे में वीरपुर थाना टीआई राजन सिंह गुर्जर का कहना है कि, मुझे रेत के संबंध में किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है, मैं अपने स्टॉफ से बात करुंगा, अगर ऐसा है तो मैं इसे दिखवाऊंगा।

## पुलिस और घड़ियाल कर्मी रेत माफिया से कर रहा अवैध वसूली

हेलमेट, सीटवैल्ट से लेकर पॉलूशन कार्ड और कोई छोटी से छोटी गलती पर वाहन चालकों के चालान बनाने बाली पुलिस को सिर्फ रेत माफिया के बिना रॉयल्टी और ओवरलोड़ वाहन दिखाई तो देते हैं लेकिन, उनसे मिलने बाली मोटी एंट्री के कारण वह उन पर कार्रवाई नहीं कर रहे, राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी इस अवैध कारोबार में लिप्त होकर माफिया को हरी झंडी दिए हुए हैं, इसी कारण रेत माफिया बिना किसी से डरे रेत का अ?वैध कारोबार बड़े स्तर पर कर रहे हैं। प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों को रेत माफिया से कोई सुविधा शुल्क नहीं मिल रही यह बात पूरे जिले के अधिकांश लोग जानते हैं लेकिन, रेत माफियाओं पर कार्रवाई नहीं कर पाने के कारण वह मुफ्त में बदनाम हो रहे हैं। अब सवाल उठ रहे हैं कि, चंबल नदी में जलीय जीवों को संरक्षित करने के लिए इतनी बड़ी फौज राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य विभाग के नाम से खड़ी की है या फिर रेत माफियाओं से वसूली के लिए और एनजीटी के आदेशों को मानकर पुलिस रेत माफियाओं के खिलाफ कोई एक्शन लेती है या नहीं यह देखने बाली बात होगी।

# पुल पर मिली लापता युवक की बाइक व कपड़े

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** ससुराल में विवाद होने के बाद लापता हुए युवक का गुरूवार की सुबह बड़ौदा तहसील के मध्यप्रदेश एवं राजस्थान सीमा में बने पार्वती एक्वोडेक्ट पुलिया पर बाइक व कपड़े मोबाइल मिला है। शंका जताई जा रही है कि युवक ने पुल से पार्वती नदी में छलांग लगाई है। पुलिस व परिजन युवक की तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कहीं पता नहीं चला।

**पार्वती नदी में कूदने की आंशका, युवक की तलाश जारी**

पूलिस से मिली जानकारी के अनुसार कलमुंडा निवासी कुंजबिहारी मीणा ने रात को अपने पिता को फोन कर बताया था कि उसका एक्सीडेंट हो गया है और ससुराल में भी विवाद हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें बाइक और मोबाइल तो मिल गए, लेकिन युवक गायब था। परिजनों ने शुक्रवार सुबह बड़ौदा थाने में सूचना दी। इसके बाद बड़ौदा तहसीलदार मनीषा मिश्रा और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालात को देखते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। युवक का कोई सुराग न लगने पर सुबह 9 बजे श्योपुर से एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम को बुलाया गया। टीम में अंकित सोलंकी, रितेश तिवारी, पवन नामदेव, सुनील भूरिया, विक्रम सिंह और बनवारी लाल शामिल हैं। करीब रात ढाई बजे पार्वती नदी की पुलिया पर उसकी बाइक, मोबाइल और बैग मिले।



**इनकी रही उपस्थिति**

अभी यह स्पष्ट नहीं है कि युवक ने नदी में छलांग लगाई है या नहीं। प्रशासन और राहत दल लगातार युवक की तलाश में जुटे हुए हैं।

– सत्यम गुर्जर
थाना प्रभारी, बड़ौदा

# बिना पंजीयन क्लीनिक चलाने पर मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** बिना पंजीयन के क्लीनिक चलाने पर प्राइवेट डाक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ये कार्रवाई विजयपुर थाना पुलिस द्वारा की गई है। बीते दिवस स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अगरा में बिना पंजीयन के चल रहे तीन क्लीनिकों को सील किया था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिवस सीएचएचओ डॉ. दिलीप सिंह सिरवार को सूचना मिली थी, अगरा में कई क्लीनिंक बिना पंजीयन के चल रहें हैं। पंजीयन चलाने वाले डाक्टरों के पास से डिग्री या डिप्लोमा भी नहीं है। शिकायत के बाद सीएमएचओ ने कार्रवाई के लिए एक टीम भेजी। टीम ने मौके पर जाकर जांच की तो वहां एक क्लीनिक अवैध रूप से संचालित पाया गया जिसकी रिपोर्ट टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों को पेश की। डॉ. जेएन सक्सेना ने इसकी शिकायत पुलिस थाने में आवेदन देकर की। पुलिस ने डॉ. सक्सेना की रिपोर्ट पर गुरुकुल विधा निकेतन स्कूल के सामने श्रीखाटू श्याम क्लीनिक के संचालक सतीश कुशवाह पुत्र लोकमन कुशवाह के खिलाफ इंडियन मेडीकल काउसिलिंग एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपित को 20 साल की सजा

**श्योपुर, 16 मई।** विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो रिचा शर्मा द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक 05-06/12/2023 की दरमिानी रात में पीडिता के माता बच्चों के साथ खाना खा कर अपने घर में सो रहें थी सुबह 6 बजे जगे तब देखा कि उनकी पुत्री पीड़िता घर पर नहीं है घरवालों ने आसपास व रिश्तेदारी में तलाश किया पर पीड़िता नहीं मिली तो पिता द्वारा एफआईआर व गुमशुदगी थाने पर दर्ज कराई गई। पुलिस की विवेचना के दौरान गुजरात से पीडिता को बरामद कर उससे पूछताछ की जिसमें उसने बताया कि आरोपी रमेश भिलाला उसे बहला फुसलाकर पहले गुना वहाँ से इंदौर और गुजरात ले गया था व उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। विवेचना के उपरांत आरोपी के विरूद्ध भादवि एवं पॉक्सो एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर, चालान माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। माननीय तृतीय अपर सत्र (न्यायाधीश विशेष न्यायालय पॉक्सो) श्रीमती बबीता होरा शर्मा जिला श्योपुर द्वारा विचारण उपरांत आरोपी रमेश भिलाला को 20 वर्ष का कठिन कारावास एवं 15000 रू (पंद्रह हजार) का जुर्माने से दण्डित किया गया। आरोपी से प्राप्त संपूर्ण अर्थदण्ड की राशि को एवं उसके अतिरिक्त 400000/- (चार लाख) प्रतिकर की राशि पीड़िता को दिलाई जाने का आदेश माननीय न्यायालय द्वारा पारित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी रविकांत बरैया डीपीओ, विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो रिचा शर्मा एवं हरिओम शर्मा एडीपीओ द्वारा की गई।

# दो दिन में गर्मी ने दिखाया रौद्र रूप, 42 डिग्री पहुंचा पारा

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही जिले में तापमान का पारा चढ़ने लगा है। 14 दिनों के लंबे अंतराल के बाद गुरुवार को एक बार फिर अधिकतम तापमान 42 डिग्री पर पहुंच गया और दिनभर तेज धूप का असर रहा।

पश्चिमी हवाएं चलने से माहौल में तपन बढ़ गई है। हालांकि अभी भी आसमान में हल्के बादल छाए है। लेकिन मानसून पूर्व की गतिविधियां सुस्त पड़ने से दिनभर मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को शहर का तापमान अधिकतम 42 और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 41 तथा न्यूनतम तापमान 27 था। जाहिर तौर पर पिछले 24 घंटे के दौरान दिन और रात के तापमान में 1-1 घ्डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

गत 1 मई को शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद अरब सागर से आ रही नमी के चलते लगातार 12 दिनों तक जिले में आंधी,बादल और बारिश का दौर चलने से तापमान में भारी गिरावट के चलते जिलावासियों को गर्मी से राहत मिली थी। इस बीच कराहल क्षेत्र में ओले भी गिरे। लेकिन 13 मई से मौसम पलटने के कारण फिर से गर्मी तेवर दिखाने लगी है। शुक्रवार को सुबह से दिनभर तेज धूप निकली। दिन चढ़ने के साथ ही तपन बढ़ने से लोगों ने दोपहर के समय बाहर निकलने से परहेज किया। जरूरी काम से निकले लोगों ने चश्मा, टोपी व अंगोछे से धूप से बचाव किया। दोपहर दो बजे चिलचिलाती धूप और तपिश के चलतध्े शहर की व्यस्त सड़कों पर सन्नाटा रहा। इक्का दुक्का वाहनों की आवाजाही नजर आई। मौसम विभाग की मानें तो इस माह जिलावासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। आने वाले दिनों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के साथ ही भीषण गर्मी का दौर चलेगा। हीट वेव चलने के साथ ही मई के अंत तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।



# विवाहिता को दहेज के लिए किया प्रताड़ित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** विजयपुर थाना क्षेत्र के बिदोखर गांव में दहेज के लिए विवाहिता महिला को प्रताडित किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडित महिला की शिकायत पर ससुरालीजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बांगदरोद निवासी 30 वर्षीय वर्षा जाटव का विवाह बिदोखर निवासी सूबेदार के साथ हुआ था, विवाह के समय उसके पिता ने अपनी हैसिएत अनुसार लडके वालों को दहेज भी दिया था। विवाह के कुछ समय तक सब कुछ ठीक चला लेकिन उसके बाद ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर आए दिन प्रताडित करने लगे जब उसके पिता ने दहेज देने से इंकार कर दिया तो ससुराल वालों ने उसे प्रताडित कर घर से निकाल दिया। इसके बाद विवाहिता मायके आकर रहने लगी। कुछ दिन तो वर्षा पति के लेने आने का इंतजार किया लेकिन जब नहीं आया तो थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने इस मामले में पति सूबेदार जाटव, रामरतन जाटव, विमल पत्नी रामरतन जाटव, धारासिंह पुत्र रामरतन जाटव, लक्ष्मी पत्नी धारासिंह जाटव के खिलाफ दहेज एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



## रिंगनी गांव में घुसा मगरमच्छ, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

**श्योपुर, 16 मई।** श्योपुर जिले के रिंगनी गांव में शुक्रवार सुबह एक मगरमच्छ रिहायशी इलाके में पहुंच गया। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। मगरमच्छ छोटे आकार का था और पास के जल स्रोत से भटककर गांव में आ गया था।वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सतर्कता के साथ मगरमच्छ को पकड़ा। इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ग्रामीणों को जल स्रोतों के पास न जाने को कहा गया है। वन विभाग की तुरंत कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की। हालांकि, गांव में अभी भी दहशत का माहौल है।

## 4800 रुपये की अवैध शराब के साथ तीन पकड़े

**श्योपुर, 16 मई।** विभिन्न थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 4800 रुपये की अवैध शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान बड़ौदा थाना पुलिस ने इंद्रगाज पुत्र रामनाथ वैरवा निवासली बिलवाडिया को चंबल कालोनी बड़ौदा से 20 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 2000 रुपये है। दूसरी कार्रवाई में खेमराज पुत्र रामरोशन आदिवासी निवासी सिरसौद को बस स्टैंड बड़ौदा से 18 क्वाटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 1800 रुपये है। विजयपुर थाना पुलिस आरोपी आशाराम पुत्र लोकमन गुर्जर निवासी बिचपुरी थाना जौरा जिला मुरैना को छिमछिमा मंदिर के पास मैन रोड से पकडा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब जब्त की है जिसकी कीमत 1000 रुपये है।

## कचरा डालने के विवाद में मां-बेटी ने वृद्धा को पीटा, मामला दर्ज

**श्योपुर, 16 मई।** विजयपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुरा गांव में कचरा डालने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में मां-बेटी ने मिलकर बुजुर्ग महिला की मारपीट कर दी, जिससे वह चोटिल हो गई। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहनपुरा निवासी 65 वर्षीय बाओ कुशवाह व मीना कुशवाह के बीच 14 मई की सुबह 9 बजे झोंपडी के सामने कचरा डालने की बात को लेकर विवाद हो गया इस विवाद में मीना बाई व उसकी बेटी रंजना कुशवाह ने मिलकर बुजुर्ग महिला की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने फरियादिया बाओ पत्नी स्व. बंटी कुशवाह की शिकायत पर मीना पत्नी सोनेराम कुशवाह, रंजना पुत्री सोनेराम कुशवाह की शिकायत पर मां-बेटी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।